OFFICE OF DIRECTORATE OF RESIDENT INSTRUCTION-CUM-DEAN, POST GRADUATE STUDIES
BIHAR ANIMAL SCIENCES UNIVERSITY
BIHAR VETERINARY COLLEGE CAMPUS, PATNA, BIHAR, 800014

Dr. Pankaj Kumar Singh **E-mail: deanpgsbasu2019@gmail.com**
DRI-cum-DEAN, PGS

सं० 793 / डी०आर०आई० / बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 06 / 05 / 2026

नीलामी सूचना

पिछले कार्यालय आदेश संख्या 772 / डी०आर०आई० / बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 02 / 05 / 2026, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार पशु विज्ञान" विश्वविद्यालय, पटना अंतर्गत अवस्थित फलदार वृक्षों से फल तोड़ने हेतु निम्नलिखित शर्तों पर दिनांक **13 / 05 / 2026** को विश्वविद्यालय अतिथि गृह परिसर में **04:30 बजे अप०** नीलामी समिति के द्वारा अधिकतम बोली के आधार पर आम जनता के हाथो बन्दोबस्त किया जाएगा। यह नीलामी वर्ष 2026–2027 के लिए किया जायेगा।

नीलामी द्वारा बन्दोबस्त की शर्तें निम्नलिखित हैं:–

1. नीलामी में भाग लेने हेतु प्रत्येक व्यक्तियों को डाक की बोली लगाने के पूर्व **Rs. 3, 000.00** (रूपये तीन हजार) मात्र अग्रधन के रूप में जमा करना अनिवार्य है जिसे निलामी की पूर्ण प्रक्रिया के पश्चात् उच्चतम डाककर्ता को छोड़कर अन्य को अग्रधन राशि वापस कर दिया जाएगा।
2. सफल डाककर्त्ता को डाक की सम्पूर्ण राशि उसी दिन एक मुश्त जमा कर देना होगा, अन्यथा उनके द्वारा जमा किये गये अग्रधन की राशि जब्त कर ली जाएगी तथा द्वितीय डाक बोलने वाले के नाम नीलामी कर दी जायेगी।
3. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति डाक बोलने के पूर्व फलदार वृक्षों की संख्या एवं स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट हो जाने के बाद ही डाक में भाग लेगें अन्यथा डाक हो जाने के बाद वृक्षों की संख्या में कमी का प्रश्न मान्य नहीं होगा।
4. उपरोक्त सभी शर्तों का पालन नहीं करने तथा किसी प्रकार के अशोभनीय घटना पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
5. विशेष परिस्थिति में निर्धारित तिथि **13 / 05 / 2026** को बन्दोबस्ती नहीं होने पर अगली तिथि की घोषणा की जायेगी।

वृक्षों का विवरण जिसे नीलाम किया जाना है:

1.	आम का वृक्ष	:	28
2.	कटहल का वृक्ष	:	01
3.	बेल का वृक्ष	:	04
4.	ताड का वृक्ष	:	27

ह / –
निदेशक आवासीय–सह–
अधिष्ठाता,स्नातकोत्तर

ज्ञापांक 70 / डी०आर०आई० / बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 06 / 05 / 2026
प्रतिलिपिः

- उप संपदा पदाधिकारी / कुलसचिव / नियंत्रक, बि.प.वि.वि०, पटना को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
- विश्वविद्यालय अतिथि गृह प्रभारी, बि.प.वि.वि०, पटना, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
- प्रभारी आई०सी०टी०, बि.प.वि.वि०, पटना, को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।
- महाविद्यालय नोटिस बोर्ड।

6/5/2026

निदेशक आवासीय–सह–
अधिष्ठाता,स्नातकोत्तर

प्रतिलिपिः कुलपति के सचिव, माननीय कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।